दनांकः 11.10.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुक्त, समावेशी, समृद्ध और नियम–आधारित हिंद प्रशांत क्षेत्र के महत्व पर जोर देते हुए कहा है कि नियम आधरित हिंद–प्रशांत क्षेत्र पूरे क्षेत्र की शांति और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री आज लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की राजधानी वियंटियान में 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर दक्षिण चीन सागर का उल्लेख करते हुए कहा कि इस क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद–प्रशांत क्षेत्र के हित में होगी। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे हिंसक संघर्षों पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण विस्तारवाद की जगह विकासवाद का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन संघर्षों का ग्लोबल साउथ के देशों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हर कोई चाहता है कि यूरेशिया और पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल हो। श्री मोदी ने दोहराया कि यह युद्ध का युग नहीं है और समस्याओं का समाधान युद्ध क्षेत्र से नहीं हो सकता।

थल सेना ने टी–90 भीष्म टैंक का नया संस्करण तैयार किया है। वर्ष 2003 से मुख्य युद्धक टैंक टी–90 भीष्म अपनी मारक क्षमता, गति और सुरक्षा के लिए जाना जाता है। टैंक का नया संस्करण और अधिक शक्तिशाली बनाया गया है। थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने हाल ही में टी–90 भीष्म टैंक के इस नए संस्करण को सेना में शामिल किया। लगभग 47 टन वजन का यह टैंक नौ दशमलव छह मीटर लंबा और दो दशमलव आठ मीटर चौड़ा है। इसका छोटा आकार इसे जंगल, पहाड़ और दलदल वाले इलाकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार हासिल करने में मदद करता है। टैंक पर लगी एंटी–एयरक्राफ्ट गन दो किलोमीटर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। आत्मनिर्भरता की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज से भरतपुर के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। वे वहां बयाना के झील का बाड़ा स्थित कैलादेवी मंदिर के दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री आरबीएम अस्पताल में करीब 96 करोड़ की लागत से बने नए भवन और किशोरी महल के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। श्री शर्मा कुम्हेर गेट से हीरादास और काली की बगीची से शास्त्री पार्क तक के बनने वाले फ्लाई ओवर और विकास कार्य का भी निरीक्षण करेंगे। शाम को उनका कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक करने और कल जनसुनवाई का कार्यक्रम है।

शारदीय नवरात्र के तहत आज महाअष्टमी और महानवमी पर मां दुर्गा के महागौरी और सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर मंदिरों और घरों में मां दुर्गा की पूजा के साथ ही उन्हें हलवा, पुड़ी और चने का भोग लगाया जा रहा है। कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया जा रहा है। कन्याओं से आशीर्वाद लेकर उन्हें उपहार भी दिये जा रहे हैं।

विभिन्न देवी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है।

जोधपुर के चामुंडा मांता मंदिर में भी भक्तजन का तांता लगा हुआ है। करौली के कैलादेवी मंदिर में भर रहे मेले में प्रदेश के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पाली के बोमदड़ा गांव में पहाड़ी पर स्थित पुनागर मां के दरबार में श्रद्धालुओं के लिए लंगर भी लगाए गए हैं। सीकर में जीणमाता का मेला परवान पर है। हनुमानगढ के प्रसिद्ध भद्रकाली माता मंदिर और पल्लू के मां ब्रह्माणी मंदिर में श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें लगी हुई हैं। डूंगरपुर के निठाउवा में

आशापुरा माताजी और गलियाकोट के शीतला माता मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। जालौर के जसंवतपुरा में सुंधा माता मंदिर में मां का विशेष श्रंगार किया गया है।

प्रदेश में राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर कहीं–कहीं पिछले 24 घंटों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सर्वाधिक 23 मिमी वर्षा बाड़मेर के सेड़वा में दर्ज की गयी। इस बीच राज्य में दिन का सबसे अधिक 39 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर, कोटा और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी तीन–चार दिन बादल छाए रहने तथा बादल गरजने के साथ कहीं–कहीं हल्की और कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है।